POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 30.07.2025

थाना सेक्टर-49 नोएडा पुलिस व घरों में चोरी/मोबाइल स्नैच करने वाले बदमाशो के बीच मुठभेड़ के संबंध में--

विवरण-- दिनांक **30.07.2025** को **थाना सेक्टर-49** नोएडा पुलिस टीम द्वारा सेक्टर-76 मैट्रो स्टेशन के नीचे बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी, तभी पुलिस टीम द्वारा एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को रोकने का इशारा किया गया जिसपर युवक मोटरसाइकिल को तेजी से वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध प्रतीत होने पर मोटरसाइकिल का पीछा किया गया तो युवकों की मोटरसाइकिल सेक्टर-50 नोएडा के पास फिसलकर गिर गयी जिसपर युवकों द्वारा स्वयं को घिरता हुआ देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में 01 बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान गौरव पुत्र पप्पू निवासी ग्राम मोरना, थाना सेक्टर-24, नोएडा मूल पता ग्राम भूड़, थाना कोतवाली देहात, जिला बुलन्दशहर उम्र करीब 26 वर्ष के रूप में हुई है। दूसरे बदमाश को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान सौरभ पुत्र पप्पू निवासी ग्राम मोरना, थाना सेक्टर-24, नोएडा मूल पता ग्राम भूड थाना कोतवाली देहात, जिला बुलन्दशहर उम्र करीब 20 वर्ष के रूप में हुयी है। घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर व 01 खोखा कारतूस .315 बोर, 3400 रुपये नगद, लूटा हुआ 01 मोबाइल फोन सैमसंग कंपनी बरामद हुआ तथा दूसरे अभियुक्त के कब्जे से एक बैग में 15 स्टील की पानी की टोंटी, 3100 रूपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्पलैन्डर नम्बर यूपी 16 ई.एल. 3334 बरामद की गयी है, जिनके सम्बन्ध में थाना सेक्टर-49 नोएडा पर 1-मु0अ0सं0 0230/2025 धारा 305(ए) बीएनएस 2-मु0अ0सं0 0199/2025 धारा 304(2) बीएनएस व 3-मु0अ0सं0 0156/2025 धारा 305(ए) बीएनएस0 पंजीकृत है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर है जिनके विरूद्ध लगभग 01 दर्जन के आसपास मुकदमें नोएडा के अलग-अलग थानों पर दर्ज है ।

अभियुक्तों का विवरण--

1. गौरव पुत्र पप्पू निवासी ग्राम मोरना, थाना सेक्टर-24, नोएडा मूल पता ग्राम भूड़, थाना कोतवाली देहात, जिला बुलन्दशहर उम्र करीब 26 वर्ष(घायल)
2. सौरभ पुत्र पप्पू निवासी ग्राम मोरना, थाना सेक्टर-24, नोएडा मूल पता ग्राम भूड थाना कोतवाली देहात, जिला बुलन्दशहर उम्र करीब 20 वर्ष ।

आपराधिक इतिहास का विवरण--

- **अभियुक्त गौरव--**

1. मु0अ0सं0 0257/2021 धारा 380/411/457 भादवि0 थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 0271/2021 धारा 4/25 आर्मस एक्ट थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 1634/2019 धारा 4/25 आर्मस एक्ट थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 1635/2019 धारा 414 भादवि0 थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।
5. मु0अ0सं0 0420/2019 धारा 41/102 सीआरपीसी0, 413/414 भादवि0 थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्धनगर।
6. मु0अ0सं0 0336/2019 धारा 379/411 भादवि0 थाना नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर।
7. मु0अ0सं0 0253/2025 धारा 115(2),351(2),352 बीएनएस0 थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।
8. मु0अ0सं0 0230/2025 धारा 305(ए) बीएनएस0 थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर।
9. मु0अ0सं0 0199/2025 धारा 304(2) बीएनएस0 थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर।
10. मु0अ0सं0 0156/2025 धारा 305(ए) बीएनएस0 थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर।

- **अभियुक्त सौरभ--**

1. मु0अ0सं0 0221/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस0 थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 0223/2024 धारा 4/25 आर्मस एक्ट थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 0230/2025 धारा 305(ए) बीएनएस0 थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 0199/2025 धारा 304(2) बीएनएस0 थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर।
5. मु0अ0सं0 0156/2025 धारा 305(ए) बीएनएस0 थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर।

2. थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा चोरी का माल खरीदने वाले 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 04 टायर मय रिम व 4,000 रुपये नगद बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **30.07.2025** को **थाना बीटा-2 पुलिस** द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से चोरी का माल खरीदने वाले 02 वांछित अभियुक्त 1.हर्ष पुत्र जितेन्द्र 2.जाकिर पुत्र सब्बीर को अंसल कट के पास, थाना क्षेत्र बीटा-2 से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के खरीदे गये 04 टायर मय रिम व चोरी के माल से सम्बन्धित 4000 रुपये नगद बरामद हुए है।

अभियुक्तगण एक सक्रिय गिरोह है, जिसमें अभियुक्त 1.मनोज 2.अंकित 3.राहुल 4.मनीष जो रैकी करके चार पहिया वाहनों के टायर चोरी करते हैं एवं चोरी किये गये टायरों को जाकिर व हर्ष को बेचकर अवैध धन अर्जित करते है। अभियुक्त 1.मनोज 2.अंकित 3.राहुल 4.मनीष को पूर्व में थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त

स्विफ्ट कार सहित चोरी किये 20 टायर मय रिम, 10 एलोयव्हील, जैक, पाना व अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है ।

अभियुक्तों का विवरण--

1. हर्ष पुत्र जितेन्द्र निवासी कचेडा, थाना बादलपुर, गौतमबुद्धनगर।
2. जाकिर पुत्र सब्बीर निवासी मोहल्ला मेबातयान, कस्बा व थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. 04 टायर मय रिम
2. 4000 रुपये नगद

पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 324/25 धारा 317(2)/317(4) बीएनएस थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 330/25 धारा 317(2)/317(4) बीएनएस थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 332/25 धारा 317(2)/317(4) बीएनएस थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 334/25 धारा 317(2)/317(4) बीएनएस थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
5. मु0अ0सं0 347/2025 धारा 317(2)/317(4) बीएनएस थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।